No. of Printed Pages : 4 **BHDE–108**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# (बी. डी. पी.)

# सत्रांत परीक्षा

# दिसम्बर, 2025

## बी.एच.डी.ई.–108 : प्रयोजनमूलक हिंदी

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### खण्ड—क

**नोट :** *निम्नलिखित में से किन्हीं* **दो** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***500*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 2×20=40

1. हिन्दी के मानकीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए।

2. पारिभाषिक शब्दावली से आप क्या समझते हैं ? इसके निर्माण के सिद्धान्त व प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

3. राजभाषा के रूप में हिन्दी के विकास व उसकी संवैधानिक स्थिति पर चर्चा कीजिए।

4. जनसंचार के विविध रूपों की भाषिक प्रकृति पर एक लेख लिखिए।

## खण्ड—ख

***नोट :*** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***250*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* $4 \times 10 = 40$

5. हिन्दी में रचना के आधार पर वाक्य के विभिन्न प्रकारों को समझाइए।

6. लिपि एवं वर्तनी के पारस्परिक सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए।

7. साहित्यिक हिन्दी के अर्थ व स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

8. शब्दकोश देखने की विधि को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

9. प्रशासनिक शब्दावली की विशेषताएँ बताइए।

10. किसी भी विषय पर एक सरकारी पत्र का नमूना तैयार कीजिए।

11. टिप्पणी लेखन के विभिन्न प्रकारों को समझाइए।

12. किसी भी विषय पर कार्यालय ज्ञापन का मसौदा तैयार कीजिए।



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

**खण्ड—ग**

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए : 5×2=10

(i) मानकीकरण से आप क्या समझते हैं ?

(ii) सामान्य हिन्दी का प्रयोग कहाँ-कहाँ होता है ? बताइए।

(iii) पारिभाषिक शब्दावली के सन्दर्भ में परस्पर-अपवर्जिता से क्या तात्पर्य है ?

(iv) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के किन्हीं **तीन** कार्यों का उल्लेख कीजिए।

(v) अर्थ प्रतिस्थापन से आप क्या समझते हैं ?

14. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक शब्द लिखिए : 5×1=5

(i) CORPORATION

(ii) REBATE

(iii) LACTOMETER

(iv) RESPONSE

(v) SEQUENCE



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

15. निम्नलिखित में से सही **अथवा** गलत कथन का उल्लेख कीजिए : 5×1=5

(i) हिन्दी माध्यम में वाणिज्य सम्बन्धी पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं।

(ii) 'फैशन' शब्द फ्रेंच भाषा के 'फेकन' से बना है।

(iii) परियोजना, दूरदर्शन, संकाय शब्द हिन्दी के पूर्व-प्रचलित शब्द हैं।

(iv) सरकारी पत्र मित्रभाव से लिखा जाता है।

(v) अर्धसरकारी पत्र का प्रयोग अनुस्मारक के रूप में भी होता है।

× × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com